अंक – 96 13.11.2025 गुरुवार

# कैमूर चेतना सत्र

## बिहार शिक्षा परियोजना कैमूर द्वारा सभी विद्यालयों के लिए प्रकाशित





- ❖ संपादकीय
- ❖ आदर्श आचार संहिता
- ❖ प्रार्थना
- ❖ बिहार राज्य गीत
- ❖ छात्र – प्रतिज्ञा
- ❖ राष्ट्रगान
- ❖ आज का सुविचार
- ❖ दिवस विशेष
- ❖ सामान्य ज्ञान
- ❖ शब्द ज्ञान
- ❖ कंप्यूटर ज्ञान
- ❖ तर्क ज्ञान
- ❖ प्रेरक प्रसंग
- ❖ रोचक तथ्य
- ❖ बूझो तो जाने
- ❖ विभागीय सूचना


**NOVEMBER 2025**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | | | | | | |



**कक्षा 6-8 के विज्ञान एवं गणित पढ़ाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए PBL_ 6 गूगल फॉर्म रिपोर्ट - जिलावार जानकारी_11 नवंबर 2025**

| जानें ये रंग क्या दर्शाते हैं | | ------> | 75% से अधिक | 75% से 60% के बीच | 60% से 35% के बीच | <35 % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| SN | जिला | कुल विद्यालयों की संख्या | प्रोजेक्ट में प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों की संख्या | प्रोजेक्ट में प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों का % | विद्यालयों की संख्या जिन्होंने साक्ष्य के साथ प्रोजेक्ट पूर्ण कर लिया है | विद्यालयों की % जिन्होंने साक्ष्य के साथ प्रोजेक्ट पूर्ण कर लिया है |
| 1 | KAIMUR | 590 | 530 | 90% | 487 | 83% |
| 2 | MADHEPURA | 734 | 701 | 96% | 601 | 82% |
| 3 | NALANDA | 827 | 671 | 81% | 623 | 75% |
| 4 | LAKHISARAI | 291 | 223 | 77% | 211 | 73% |
| 5 | BHOJPUR | 816 | 579 | 71% | 515 | 63% |
| 6 | ROHTAS | 801 | 510 | 64% | 452 | 56% |
| 7 | VAISHALI | 961 | 560 | 58% | 517 | 54% |
| 8 | ARWAL | 207 | 103 | 50% | 97 | 47% |
| 9 | MUNGER | 469 | 241 | 51% | 216 | 46% |
| 10 | GOPALGANJ | 681 | 346 | 51% | 304 | 45% |
| 11 | GAYA | 1409 | 698 | 50% | 622 | 44% |
| 12 | DARBHANGA | 902 | 421 | 47% | 384 | 43% |
| 13 | BEGUSARAI | 746 | 299 | 40% | 278 | 37% |
| 14 | E. CHAMPARAN | 1328 | 535 | 40% | 485 | 37% |
| 15 | BANKA | 846 | 289 | 34% | 248 | 29% |
| 16 | AURANGABAD | 1017 | 328 | 32% | 291 | 29% |
| 17 | JAMUI | 844 | 248 | 29% | 214 | 25% |
| 18 | BHAGALPUR | 885 | 249 | 28% | 221 | 25% |
| 19 | KISHANGANJ | 592 | 160 | 27% | 142 | 24% |
| 20 | JEHANABAD | 352 | 86 | 24% | 78 | 22% |
| 21 | SHEOHAR | 186 | 39 | 21% | 39 | 21% |
| 22 | SIWAN | 869 | 225 | 26% | 177 | 20% |
| 23 | BUXAR | 468 | 101 | 22% | 92 | 20% |
| 24 | KATIHAR | 718 | 113 | 16% | 102 | 14% |
| 25 | SARAN | 1057 | 159 | 15% | 141 | 13% |
| 26 | PURNIA | 842 | 121 | 14% | 105 | 12% |
| 27 | SAMASTIPUR | 990 | 116 | 12% | 98 | 10% |
| 28 | SAHARSA | 510 | 41 | 8% | 36 | 7% |
| 29 | ARARIA | 629 | 48 | 8% | 43 | 7% |
| 30 | MADHUBANI | 1006 | 62 | 6% | 53 | 5% |
| 31 | MUZAFFARPUR | 1391 | 75 | 5% | 66 | 5% |
| 32 | NAWADA | 696 | 35 | 5% | 31 | 4% |
| 33 | PATNA | 1152 | 54 | 5% | 50 | 4% |
| 34 | W CHAMPARAN | 913 | 46 | 5% | 39 | 4% |
| 35 | SUPAUL | 624 | 26 | 4% | 22 | 4% |
| 36 | SHEIKHPURA | 234 | 11 | 5% | 8 | 3% |
| 37 | SITAMARHI | 893 | 33 | 4% | 29 | 3% |
| 38 | KHAGARIA | 511 | 1 | 0% | 1 | 0% |
| | **Grand Total** | **28987** | **9083** | **31%** | **8118** | **28%** |

**परिकल्पना सहयोग :**
चेतना - सत्र संसाधन निर्माण कोषांग
**प्रकाशक :**
बिहार शिक्षा परियोजना एवं शिक्षा विभाग , कैमूर

**चेतना - सत्र**
**संसाधन सामग्री निर्माण कोषांग**
**सदस्य सह संपादकीय समूह**



**सुमित कुमार**
प्राथमिक विद्यालय डारीडीह, भभुआ, कैमूर



**शिव कुमार गुप्ता**
राजकीयकृत मध्य विद्यालय नीमी, भभुआ

**सभी विद्यालयों के शिक्षक 'कैमूर चेतना – सत्र' के ग्रुप में जुड़ना सुनिश्चित करें ताकि चेतना सत्र की प्रति सभी को आसानी से प्राप्त हो**

**कार्यालय, बिहार शिक्षा परियोजना**
शिक्षा भवन , भागीरथी मुक्तावकाश मंच , भभुआ (कैमूर )
पिनकोड – 821101

ईमेल –
chetnakaimur@gmail.com

# मुख्यमंत्री के चुनाव की प्रक्रिया

मुख्यमंत्री के चुनाव की प्रक्रिया इस प्रकार होती है :

1. **विधानसभा चुनाव:**

सबसे पहले राज्य में विधानसभा (MLA) के चुनाव होते हैं। जनता अपने क्षेत्र के प्रतिनिधियों को चुनती है।

**2. बहुमत वाली पार्टी का चयन :**

चुनाव परिणाम आने के बाद, जिस राजनीतिक दल या गठबंधन को विधानसभा में बहुमत (अधिकतम सीटें) मिलती हैं, वही सरकार बनाने का दावा करता है।

**3. दल के नेता का चयन :**

बहुमत प्राप्त पार्टी (या गठबंधन) के विधायक दल की बैठक होती है, जिसमें सभी निर्वाचित विधायक मिलकर अपने नेता का चयन करते हैं।

☞ यही नेता मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार होता है।

**4. राज्यपाल को समर्थन पत्र :**

चयनित नेता अपने बहुमत वाले विधायकों के समर्थन पत्र (Letter of Support) के साथ राज्यपाल के पास जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करता है।

**5. राज्यपाल द्वारा नियुक्ति :**

राज्यपाल उस व्यक्ति को, जिसके पास बहुमत का समर्थन हो, मुख्यमंत्री नियुक्त करते हैं।

**6. शपथ ग्रहण :**

राज्यपाल मुख्यमंत्री को शपथ दिलाते हैं, और उसके बाद मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल का गठन करता है।

**7. बहुमत सिद्ध करना : (यदि आवश्यक हो)**

यदि किसी स्थिति में बहुमत पर संदेह हो, तो मुख्यमंत्री को विधानसभा में विश्वास मत (Vote of Confidence) प्राप्त करना होता है।

**◇ विशेष बातें :**

❖ मुख्यमंत्री राज्य की कार्यपालिका का प्रमुख होता है।
❖ मुख्यमंत्री का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है, लेकिन विधानसभा के भंग होने या बहुमत खोने पर यह समाप्त हो सकता है।
❖ मुख्यमंत्री का पद भारत के संविधान के अनुच्छेद 164 के तहत निर्धारित है।

## 1. प्रार्थना

### प्रार्थना

हमको मन की शक्ति, देना मन विजय करें
दूसरों की जय से पहले खुद की जय करें
हमको मन की शक्ति, देना मन विजय करें
दूसरों की जय से पहले खुद की जय करें

भेद-भाव अपने दिल से साफ़ कर सकें
दूसरों से भूल हो तो माफ़ कर सकें
झूठ से बचे रहें, सच का दम भरें
दूसरों की जय से पहले खुद की जय करें
हमको मन की शक्ति, देना मन विजय करें
दूसरों की जय से पहले खुद की जय करें

मुश्किलें पड़े तो हम पे, इतना कर्म करें
साथ दे तो धर्म का, चलें तो धर्म पर
खुदपे होसला रहे, बदी से ना डरें
दूसरों की जय से पहले, खुद को जय करें

### बिहार राज्य गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे

वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे

इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा ही दे गंग – जमन नाज करे

आधे रास्ते पे न रुक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार

ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

### छात्र – प्रतिज्ञा

भारत हमारा देश है। हम सब भारतवासी भाई-बहन हैं । हमें अपना देश प्राणों से भी प्यारा है। इसकी समृद्धि और विविध संस्कृति पर हमें गर्व है। हम इसके सुयोग्य अधिकारी बनने का प्रयत्न सदा करते रहेंगे। हम अपने माता-पिता, शिक्षकों और गुरुजनों का आदर करेंगे और सब के साथ शिष्टता का व्यवहार करेंगे। हम अपने देश और देशवासियों के प्रति वफादार रहने की प्रतिज्ञा करते हैं।उनके कल्याण और समृद्धि में ही हमारा सुख निहित है।

कैमूर चेतना सत्र

### राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत भाग्य विधाता।
पंजाब-सिन्धु-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-बंग
विंध्य हिमाचल यमुना गंगा
उच्छल जलधि तरंग
तब शुभ नामे जागे, तब शुभ आशीष मांगे
गाहे तब जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे भारत भाग्य विधाता
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे।।

## 2. आज का सुविचार

"यदि तुम सूरज बनना चाहते हो, तो पहले खुद जलना सीखो।"

— डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

## 3. दिवस विशेष

**विश्व दयालुता दिवस (World Kindness Day)**

यह दिन दुनिया भर में दयालुता और लोगों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

उद्देश्य : इस दिन का उद्देश्य दयालुता के छोटे-छोटे कार्यों को प्रोत्साहित करना और लोगों को एक-दूसरे के प्रति अच्छा व्यवहार करने के लिए प्रेरित करना है।

शुरुआत: इसकी शुरुआत 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन द्वारा की गई थी, जो दयालुता से जुड़े गैर-सरकारी संगठनों का एक गठबंधन है।

## 4. आज का इतिहास

1892 : ग्रीनविच मीन टाइम को दुनिया के मानक समय के रूप में चुना गया।
1918 : ऑस्ट्रिया गणराज्य की स्थापना हुई।
1971 : नासा का अंतरिक्ष यान मारिनर-9 मंगल ग्रह की कक्षा में पहुँचने वाला पहला मानव-निर्मित वस्तु बन गया।
1975 : विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने एशिया को चेचक-मुक्त घोषित किया, जो मानव इतिहास की सबसे बड़ी स्वास्थ्य उपलब्धियों में से एक मानी जाती है।

## 5. सामान्य ज्ञान

1. पीएम पोषण योजना कब शुरू की गई थी? — 2021 में
2. पीएम पोषण योजना किस योजना का नया रूप है? — मिड-डे मील योजना
3. यह योजना किस मंत्रालय द्वारा संचालित है? — शिक्षा मंत्रालय
4. पीएम पोषण योजना का पूरा नाम क्या है? — प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना
5. इस योजना का लाभ किन छात्रों को मिलता है? — कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों को
6. योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है? — बच्चों को पोषक मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराना
7. इस योजना में केंद्र और राज्य सरकार का व्यय अनुपात क्या है? — 60:40 (सामान्य राज्यों के लिए)
8. उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए व्यय अनुपात क्या है? — 90:10
9. पीएम पोषण योजना किस वर्ष मिड-डे मील योजना की जगह लाई गई? — 2021-22 से
10. इस योजना के अंतर्गत कौन-सा नया प्रावधान जोड़ा गया है? — पोषण उद्यान (Nutrition Garden)
11. 14. पीएम पोषण योजना का लक्ष्य क्या है? — कुपोषण को कम करना और विद्यालय उपस्थिति बढ़ाना
12. पीएम पोषण योजना में भोजन की गुणवत्ता की जांच कौन करता है? — राज्य सरकार व स्थानीय अधिकारी
13. पीएम पोषण योजना के अंतर्गत कौन-सा डिजिटल सिस्टम लागू है? — PM POSHAN Dashboard
14. पीएम पोषण योजना का प्रमुख लाभ क्या है? — बच्चों का पोषण स्तर व शिक्षा में सुधार

## 6. भाषा ज्ञान

**अयादि संधि (या गुण संधि)**

परिभाषा: जब 'अ' या 'आ' के बाद 'इ' या 'ई' आता है, तो 'ए' बनता है,और 'अ' या 'आ' के बाद 'उ' या 'ऊ' आता है, तो 'ओ' बनता है।

उदाहरण: राम + इश्वर = रामेश्वर देव + ऋषि = देवर्षि
लोक + उपकार = लोकोपकार

## 7. कंप्यूटर ज्ञान

कंप्यूटर एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है जो डेटा (इनपुट) लेता है, उसे संसाधित करता है, और जानकारी (आउटपुट) उत्पन्न करता है, और इसे भविष्य के उपयोग के लिए संग्रहीत भी कर सकता है. कंप्यूटर में दो मुख्य भाग होते हैं: हार्डवेयर (भौतिक भाग) और सॉफ्टवेयर (निर्देशों का सेट).

## 8. तर्क ज्ञान

**अगर घड़ी में 5:50 बजे घंटे की सुई और मिनट की सुई के बीच कोण कितना होगा?**

**115 डिग्री**

## 9. प्रेरक प्रसंग

**एक शिष्य अपने गुरु के पास दुखी मन से गया। उसने गुरु को बताया कि उसके परिवार में बहुत परेशानियां हैं और वह उन बातों को याद करके दुखी रहता है, जिससे उसका पढ़ाई में भी मन नहीं लगता। गुरु ने शिष्य से कहा कि क्या वह नींबू पानी पिएगा। शिष्य मान गया। गुरु ने नींबू पानी बनाया, लेकिन जानबूझकर उसमें नमक ज्यादा डाल दिया। शिष्य ने जैसे ही नींबू पानी पिया, उसका मुंह खराब हो गया। उसने गुरु से कहा कि इसमें नमक बहुत ज्यादा है। गुरु ने कहा कि इसे फेंक देते हैं, लेकिन शिष्य ने कहा कि इसे फेंकने की जरूरत नहीं, इसमें थोड़ी चीनी डालकर इसे ठीक किया जा सकता है। गुरु ने कहा कि बिलकुल सही, जीवन में भी जब कोई परेशानी आए तो उसे भूलकर अच्छी बातों पर ध्यान देना चाहिए।**

**प्रेरणा:**

**इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें जीवन की परेशानियों से निराश नहीं होना चाहिए। हमें अपनी सोच को सकारात्मक रखना चाहिए और अच्छी बातों पर ध्यान देना चाहिए।**

## 10. बूझो तो जानें

**ऐसी कौन सी चीज है जो जितनी ज्यादा होती है उतनी ही कम दिखाई देती है?**

**(जवाब: अंधेरा)**

## 11. रोचक तथ्य

**भारत की सबसे ऊंची चोटी कंचनजंघा है। यह 8,586 मीटर (28,169 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है और हिमालय पर्वत श्रृंखला में भारत और नेपाल के बीच सीमा पर स्थित है. यह दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी भी है |**

## 13. विभागीय सूचना

1. नवम्बर माह का PBL MIP को लांच कर दिया गया है | सभी शिक्षक उससे सम्बंधित वीडियो और pdf देख लीजिये और कक्षा कक्ष में MIP 20 नवंबर तक अवश्य पूरा कर लीजिये |

2. अर्धवार्षिक PBL मेला लगाने की घोषणा हो चुकी है | अत: सभी विज्ञानं एवं गणित शिक्षक अपने अपने विद्यालयों में अच्छे- अच्छे प्रोजेक्ट बनवा लीजिये |

3. वीरगाथा 5.0 को सभी विद्यालय अपने अपने विद्यालयों में आयोजित करके पोर्टल अपलोड करना सुनिश्चित करें |